अमन शर्मा
जिलाध्यक्ष
जिला - गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

ऑफिस :- ग्राम/पो. सकोला (कोटमी कला)
तह. - पेण्ड्रा, जिला: गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)
9685828028,8839926164
Email ID-amansharmargh11@gmail.com

दिनांक 11/08/25

क्र. 141 प्रति,

माननीय पुलिस अधीक्षक महोदय,
जिला गौरेला–पेंड्रा–मरवाही (छ.ग.)

विषयः– जिले में अपराध, सामाजिक बुराइयों एवं बालिकाओं की सुरक्षा हेतु ठोस कार्रवाई की मांग।

मान्यवर,

हम आपके संज्ञान में निम्न गंभीर बिंदु लाना चाहते हैं–

1. जुआ–सट्टा का बढ़ता जाल जिले के विभिन्न क्षेत्रों में खुलेआम जुआ–सट्टा संचालित हो रहा है, जिससे अपराध व सामाजिक बुराइयों में खतरनाक वृद्धि हो रही है। इस पर तत्काल सख्त कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए।

2. मादक पदार्थों का अवैध कारोबार– जिले में शराब, गांजा और नशीली दवाइयों/इंजेक्शनों का अवैध व्यापार तेज़ी से फैल रहा है, जिससे युवाओं में लत और अपराध दोनों बढ़ रहे हैं। इस पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाकर इसमें संलिप्त तस्करों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

3. अंतर्राज्यीय गौ तस्करी– जिले में सक्रिय अंतर्राज्यीय गौ तस्कर संगठित गिरोह के रूप में कार्यरत हैं, जो कानून व्यवस्था एवं धार्मिक सद्भाव के लिए गंभीर खतरा हैं। इन पर रोक लगाने हेतु कड़ी निगरानी और सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए।

4. बालिकाओं के साथ छेड़छाड़ के मामले–जिले के स्कूलों में बालिकाओं के साथ छेड़छाड़ के मामले सामने आ रहे हैं, जिनमें प्रभावशाली लोगों का दबाव भी देखा जा रहा है। इस पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस द्वारा सभी स्कूलों में जागरूकता एवं सुरक्षा कार्यशालाएं आयोजित की जाएं, ताकि छात्राओं को आत्मरक्षा, कानून की जानकारी और शिकायत के अधिकार के बारे में जागरूक किया जा सके।

अतः आपसे निवेदन है कि उपरोक्त मामलों में तत्काल एवं ठोस कार्रवाई करते हुए जिले की कानून व्यवस्था और सामाजिक वातावरण को सुरक्षित एवं संवेदनशील बनाया जाए।

Sharma
भवदीय

कार्यालय - पुलिस अधीक्षक
11/08/25

Scanned with OKEN Scanner

o/c.

अमन शर्मा
जिलाध्यक्ष
जिला - गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

ऑफिस :- ग्राम/पो. सकोला (कोटमी कला)
तह. - पेण्ड्रा, जिला: गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)
9685828028,8839926164
Email ID-amansharmargh11@gmail.com

क्र. 138 दिनांक 11/08/25

प्रति,

माननीय कलेक्टर महोदय

जिलाः– गौरेला–पेंड्रा–मरवाही (छ.ग.)

विषयः– जिले की गंभीर जनसमस्याओं एवं अवैध गतिविधियों पर त्वरित कार्रवाई हेतु ज्ञापन

महोदय,

जिले में कई गंभीर समस्याएं व अवैध गतिविधियां लंबे समय से जनजीवन, कानून व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द को प्रभावित कर रही हैं। युवा कांग्रेस की ओर से निम्न प्रमुख बिंदुओं पर तत्काल संज्ञान लेकर ठोस एवं प्रभावी कार्रवाई की मांग की जाती है–

1. अंतर्राज्यीय गौ तस्करी पर रोक– जिले में सक्रिय अंतर्राज्यीय गौ तस्कर संगठित गिरोह के रूप में कार्यरत हैं, जो कानून व्यवस्था एवं धार्मिक सद्भाव के लिए गंभीर खतरा हैं। इस पर कड़ी निगरानी रखते हुए सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि इस अवैध कारोबार पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जा सके।

2. सरकारी भूमि की हेराफेरी–जिले में सरकारी भूमि की अवैध हेराफेरी लगातार हो रही है, जिसमें राजस्व विभाग के कुछ कर्मचारियों की संलिप्तता की शिकायतें मिल रही हैं। इस पर निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

3. जुआ–सट्टा एवं नशा माफिया पर कार्रवाई– जुआ, सट्टा, शराब, गांजा और नशीली दवाओं का अवैध कारोबार तेजी से फैल रहा है, जिससे अपराध और सामाजिक बुराइयों में वृद्धि हो रही है। पुलिस और प्रशासन को सघन अभियान चलाकर इस पर तत्काल रोक लगानी चाहिए।

4. स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार–स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार के मामले सामने आए हैं, जिससे सरकारी योजनाओं और सुविधाओं में पारदर्शिता पर प्रश्नचिन्ह लगा है। दोषी अधिकारियों–कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

5. बालिकाओं की सुरक्षा एवं जागरूकता– स्कूलों में बालिकाओं के साथ छेड़छाड़ के मामले सामने आ रहे हैं, जिनमें प्रभावशाली व्यक्तियों का दबाव भी देखा जा रहा है। पुलिस द्वारा सभी स्कूलों में सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित की जाएं, ताकि छात्राएं आत्मरक्षा, कानून और शिकायत प्रक्रिया के प्रति जागरूक हों।



Scanned with OKEN Scanner

अमन शर्मा
जिलाध्यक्ष
जिला - गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

ऑफिस :- ग्राम/पो. सकोला (कोटमी कला)
तह. - पेण्ड्रा, जिला: गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)
9685828028,8839926164
Email ID-amansharmargh11@gmail.com

क्र. 139 दिनांक 11/08/25

6. जल जीवन मिशन के अधूरे कार्य कई ग्रामों में पाइपलाइन और टंकी निर्माण अधूरा है, जिससे योजना का लाभ ग्रामीणों तक नहीं पहुंच रहा। ठेकेदारों और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से हो रही लापरवाही पर कार्रवाई की जाए।

7. किसानों को डीएपी खाद की उपलब्धता– सहकारी समितियों में डीएपी खाद उपलब्ध न होने से किसानों को महंगे दामों पर बाजार से खरीदना पड़ रहा है, जिससे खेती की लागत बढ़ रही है। खाद की पर्याप्त और समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

8. बिजली कटौती एवं लो वोल्टेज की समस्या– ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन घंटों बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या के कारण उपकरण खराब हो रहे हैं और जनजीवन बाधित हो रहा है। बिजली व्यवस्था में सुधार हेतु ठोस कदम उठाए जाएं।

9. सड़कों की बदहाल स्थिति दृ पेंड्रा–नगर से बिलासपुर मार्ग में जगह–जगह गड्ढों के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं। भाड़ीदृबसंतपुर मार्ग जर्जर है, जिससे बरसात में आवागमन लगभग असंभव हो जाता है। इन सड़कों की तत्काल मरम्मत की जाए।

अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि उपरोक्त सभी बिंदुओं पर त्वरित संज्ञान लेकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए, जिससे जिले में कानून व्यवस्था, जनसुविधा और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

भवदीय

11/08/25

Scanned with OKEN Scanner